**छत्तीसगढ़ शासन**
**योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग**
**मंत्रालय,**
**महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर**

# आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2023–24, के प्रमुख बिन्दु सकल राज्य घरेलू उत्पाद GSDP [Gross State Domestic Product] वर्ष 2022–23 (त्वरित) एवं 2023–24 (अग्रिम) अनुमान

विधानसभा बजट सत्र में छत्तीसगढ़ राज्य का ''आर्थिक सर्वेक्षण'' वर्ष 2023–24 पटल पर प्रस्तुत किया गया। इस प्रकाशन के प्रमुख बिन्दु में राज्य का सकल घरेलू उत्पाद के अनुमान (GSDP) वर्ष 2022–23 का त्वरित एवं वर्ष 2023–24 का अग्रिम अनुमान संक्षेप में विवरण निम्नानुसार एवं तालिका 1 एवं 2 में दिया गया है। साथ ही अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं, समाजार्थिक स्थिति उसे प्रभावित करने वाले आधारभूत घटकों एवं राज्य शासन की योजनाओं के संदर्भ में प्रगति की विवेचनात्मक अध्ययन है।

## 1. सकल राज्य घरेलू उत्पाद (GSDP) वर्ष 2023–24 में प्रगति की सम्भावनायें :–

**1.1 स्थिर भावों पर** (आधार वर्ष 2011–12):– अग्रिम अनुमान वर्ष 2023–24 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद बाजार मूल्य (GSDP at Market Prices) पर गत वर्ष 2022–23 की तुलना में 6.56 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित है। जिसमें कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र (कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं वन) में 3.23 प्रतिशत वृद्धि, उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) 7.13 प्रतिशत वृद्धि एवं सेवा क्षेत्र में 5.02 प्रतिशत वृद्धि अनुमानित हैं।

**1.2 प्रचलित भावों पर** :– अग्रिम अनुमान वर्ष 2023–24 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद (बाजार मूल्य) (GSDP at Market Prices) पर गत वर्ष 2022–23 के रुपये 4,64,399 करोड़ से बढ़कर रुपये 5,05,887 करोड़ होना संभावित है, जो कि 8.93 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। जिसमें वर्ष 2022–23 में कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र रुपये 89,530 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2023–24 में रुपये 97,628 करोड़, इसी प्रकार उद्योग क्षेत्र में रुपये 1,96,817 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2023–24 में रुपये 2,12,903 करोड़ एवं सेवा क्षेत्र में रुपये 1,53,066 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2023–24 में रुपये 1,65,891 करोड़ होना संभावित है, जो कि गत वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि क्रमश : 9.05, 8.17 एवं 8.38 प्रतिशत आंकलित है।

**2. वर्ष 2022–23 में सकल राज्य घरेलू उत्पाद** (GSDP) **के त्वरित अनुमान स्थिर भावों (आधार वर्ष 2011–12) पर** : राज्य के सकल घरेलू उत्पाद बाजार मूल्य (GSDP at Market Prices) त्वरित अनुमान के अनुसार गत वर्ष 2021–22 की तुलना में वर्ष 2022–23 में 7.67 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। जिसमें कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र (कृषि, पशुपालन, मत्स्य एवं वन) में 4. 87 प्रतिशत, उद्योग क्षेत्र (निर्माण, विनिर्माण, खनन एवं उत्खनन, विद्युत, गैस तथा जल आपूर्ति सम्मिलित) में 7.67 प्रतिशत एवं सेवा क्षेत्र में 8.28 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

**3. प्रति व्यक्ति आय (निवल राज्य घरेलू उत्पाद** Net State Domestic Product) **प्रचलित भावों पर** :– प्रति व्यक्ति आय वर्ष 2022–23 के त्वरित अनुमान के अनुसार 1,37,329 (एक लाख सैंतीस हजार तीन सौ उनतीस) रूपये से बढ़कर वर्ष 2023–24 अग्रिम अनुमान में 1,47,361 (एक लाख सैंतालीस हजार तीन सौ इकसठ) रूपये होना अनुमानित है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7.31 प्रतिशत वृद्धि दर्शाता है।

## तालिका :– (1) छत्तीसगढ़ राज्य का सकल घरेलू उत्पाद स्थिर (2011–12) भावों पर

(लाख रूपए में)

| क्षेत्र समूह | 2020–21 | 2021–22 (P) | 2022–23 (Q) | 2023–24 (A) | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि/कमी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2021–22(P) | 2022–23(Q) | 2023–24(A) |
| कृषि | 41,80,687 | 42,79,008 | 44,87,486 | 46,32,511 | 2.35 | 4.87 | 3.23 |
| उद्योग | 1,20,60,963 | 1,40,28,916 | 1,51,04,420 | 1,61,81,231 | 16.32 | 7.67 | 7.13 |
| सेवा | 75,56,884 | 82,94,823 | 89,81,568 | 94,32,297 | 9.77 | 8.28 | 5.02 |
| सकल राज्य घरेलू मूल्य वर्धन (आधार मूल्य पर) | 2,37,98,534 | 2,66,02,747 | 2,85,73,474 | 3,02,46,039 | 11.78 | 7.41 | 5.85 |
| उत्पाद कर–उत्पाद सब्सिडी | 13,20,696 | 14,58,182 | 16,38,394 | 19,48,434 | 10.41 | 12.36 | 18.92 |
| **सकल राज्य घरेलू उत्पाद** (बाजार मूल्य पर) | 2,51,19,230 | 2,80,60,929 | 3,02,11,868 | 3,21,94,473 | 11.71 | 7.67 | 6.56 |

## तालिका :– (2) छत्तीसगढ़ राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (प्रचलित भावों पर)

(लाख रूपए में)

| क्षेत्र समूह | 2020–21 | 2021–22(P) | 2022–23 (Q) | 2023–24 (A) | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत वृद्धि/कमी | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2021–22(P) | 2022–23(Q) | 2023–24(A) |
| कृषि | 79,23,255 | 82,86,167 | 89,52,994 | 97,62,820 | 4.58 | 8.05 | 9.05 |
| उद्योग | 1,39,98,371 | 1,72,62,301 | 1,96,81,729 | 2,12,90,328 | 23.32 | 14.02 | 8.17 |
| सेवा | 1,16,81,386 | 1,34,71,317 | 1,53,06,625 | 1,65,89,116 | 15.32 | 13.62 | 8.38 |
| सकल राज्य घरेलू मूल्य वर्धन (आधार मूल्य पर) | 3,36,03,012 | 3,90,19,785 | 4,39,41,348 | 4,76,42,264 | 16.12 | 12.61 | 8.42 |
| उत्पाद कर–उत्पाद सब्सिडी | 16,29,739 | 20,32,706 | 24,98,551 | 29,46,387 | 24.73 | 22.92 | 17.92 |
| **सकल राज्य घरेलू उत्पाद** (बाजार मूल्य पर) | 3,52,32,751 | 4,10,52,491 | 4,64,39,899 | 5,05,88,651 | 16.52 | 13.12 | 8.93 |

**–:: प्रेसवार्ता ::–**

# छत्तीसगढ़ आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2023–24 – प्रमुख बिन्दु

1– छत्तीसगढ़ राज्य का जी.एस.डी.पी. स्थिर भावों पर वर्ष 2022–23 में 3 लाख 2 हजार 1 सौ 18 करोड़ रूपये से बढ़कर वर्ष 2023–24 में 3 लाख 21 हजार 9 सौ 45 करोड़ रूपये अनुमानित है। इस वर्ष विकास दर 6.56 प्रतिशत होना आंकलित है।

2– छत्तीसगढ़ एवं भारत के. जी.डी.पी. विकास दर स्थिर भावों (आधार वर्ष 2011–12) पर तुलनात्मक विवरण–

| वर्ष | छत्तीसगढ़ | भारत |
|---|---|---|
| **2023–24** | **6.56%** | **7.32%** |

**3–** छत्तीसगढ़ राज्य का जी.एस.डी.पी. (प्रचलित भावों पर) वर्ष 2023–24 में 5 लाख 5 हजार 8 सौ 87 करोड़ रूपये अनुमानित है। इस वर्ष जी.एस.डी.पी. (प्रचलित भावों पर) विकास की दर 8.93 प्रतिशत होना अनुमानित है।

**4–** जी.एस.डी.पी. के घटकों की विकास दर स्थिर भावों (आधार वर्ष 2011–12) में छत्तीसगढ़ एवं भारत का तुलनात्मक विवरण–

| क्षेत्र | वर्ष 2023–2024 | | |
|---|---|---|---|
| | छत्तीसगढ़ | भारत | वर्ष 2023–24 में अखिल भारत की तुलना में राज्य का कृषि क्षेत्र में वृद्धि बेहतर रहना अनुमानित है। इसी प्रकार उद्योग क्षेत्र में लगभग समान वृद्धि की उम्मीद है एवं सेवा क्षेत्र में तुलनात्मक रुप से कमी परिलक्षित हुई है। हमारी सरकार द्वारा उद्योग नीति एवं सेवा क्षेत्र में प्रोत्साहन देने के कारण आने वाले समय में विकास दर में बेहतर प्रदर्शन होना संभावित है। |
| **कृषि क्षेत्र** | 3.23 | 1.82 | |
| **उद्योग क्षेत्र** | 7.13 | 7.93 | |
| **सेवा क्षेत्र** | 5.02 | 7.72 | |

**5–** जी.डी.पी. स्थिर भाव (आधार वर्ष 2011–12) में क्षेत्रवार योगदान का छत्तीसगढ़ एवं भारत का तुलनात्मक विवरण–

| क्षेत्र | वर्ष 2023–24 | |
|---|---|---|
| | छत्तीसगढ़ | भारत |
| **कृषि क्षेत्र** | **15.32%** | **14.41%** |
| **उद्योग क्षेत्र** | **53.50%** | **30.97%** |
| **सेवा क्षेत्र** | **31.19%** | **54.62%** |

**6– प्रति व्यक्ति आय (निविल राज्य घरेलू उत्पाद प्रचलित भावों पर)**

| वर्ष 2023–24 | छत्तीसगढ़ | भारत |
|---|---|---|
| **प्रति व्यक्ति आय (रूपयों में)** | **1 लाख 47 हजार 361** | **1 लाख 85 हजार 854** |
| **वृद्धि प्रतिशत में** | **7.31%** | **7.9%** |